# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर
### वित्त भवन, ए–ब्लाक, ज्योति नगर, जनपथ, जयपुर–302005

(दूरभाष नं0–0141–2740837, फैक्स 0141–2742309, ई मेलः–jacct.dta@rajastan.gov.in)-

क्रमांकः–एफ.4(ई)एस–1487 / 2013 / अलेसे–III / 223-227 दिनांक 19/06/24

**आख्यात्मक आदेश**

राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में दायर अपील संख्या 5832 / 2021 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक 02.12.2021 में निंदेश दिये गये कि "राज्य सरकार व विभाग के दिशानिर्देशों / परिपत्रों / नियमों के परिप्रेक्ष्य में एक आख्यात्मक आदेश **(speaking order)** प्रसारित कर प्रकरण को निस्तारित करें।" श्रीमती शारदा, कनिष्ठ लेखाकार (परिवीक्षाधीन) ने प्रार्थना पत्र दिनांक 25.04.2024 एवं 22.05.2024 के साथ राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 02.12.2021 की छाया प्रति प्रस्तुत कर नियुक्ति पत्र जारी करने हेतु निवेदन किया है। इससे पूर्व श्रीमती शारदा, कनिष्ठ लेखाकार (परिवीक्षाधीन) ने प्रार्थना पत्र दिनाांक 11.08.2020 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित कर निवेदन किया था कि "मैं निजी कारणों से राजकीय सेवा में नहीं रहना चाहती हूँ, अतः मेरा राजकीय सेवा से इस्तीफा स्वीकार करावें।" तत्पश्चात प्रार्थना पत्र दिनांक 01.12.2020 को इस कार्यालय में प्रस्तुत कर निवेदन किया कि "त्याग–पत्र दिनांक 11.08.2020 को निरस्त करवाने तथा सेवा जारी रखवाने " हेतु लिखा गया। चूंकि श्रीमती शारदा द्वारा दिनांक 11.08.2020 को प्रेषित "इस्तीफा" (पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत दिनांक 01.12.2020 तक) स्वीकार नहीं किया गया था, अतः सेवाएँ जारी रखी गयीं।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय उप जिला चिकित्सालय खाटूश्यामजी ने पत्र क्रमांक 637 दिनांक 26.12.2023, पत्र क्रमांक 223 दिनांक 08.05.2024 द्वारा अवगत कराया है कि श्रीमती शारदा, कनिष्ठ लेखाकार दिनांक 20.03.2020 से निरंतर स्वैच्छिक अनुपस्थित हैं।

अतः राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर के निर्णय दिनांक 02.12.2021 की पालना में श्रीमती शारदा, कनिष्ठ लेखाकार, कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय उप जिला चिकित्सालय खाटूश्यामजी को (सामान्य स्थानान्तरण प्रारम्भ होने तक) तुरन्त प्रभाव से "आदेशों की प्रतीक्षा में" लिया जाकर निदेशालय कोष एवं लेखा, जयपुर में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया जाता है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः–एफ.4(ई)एस–1487 / 2013 / अलेसे–III / 223-227 दिनांकः– 19/06/24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय उप जिला चिकित्सालय खाटूश्यामजी जिला सीकर को प्रेषित कर लेख है कि श्रीमती शारदा, कनिष्ठ लेखाकार, को तुरन्त प्रभाव से सूचित कर निदेशालय कोष एवं लेखा में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित करावें।
2. श्रीमती शारदा पुत्री श्री सुल्तान सिंह, कनिष्ठ लेखाकार, ढाणी–नवोडा, ग्राम–कल्याणपुरा, पोस्ट–जयरामपुरा, तहसील–श्रीमाधोपुर, जिला–सीकर, पिन कोड–332726 को प्रेषित कर लेख है कि तुरन्त प्रभाव से निदेशालय कोष एवं लेखा जयपुर में उपस्थिति देवें। Reg-
3. निजी सचिव, निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, कोष एवं लेखा, जयपुर
4. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली

अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)